एलडीए की 1003.43 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल, नगर निगम की 520.81 करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी

# लखनऊ में 1.5 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू होंगी

## तैयारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को लखनऊ विकास प्राधिकरण और नगर निगम की 1524.24 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे। इनमें अकेले एलडीए की 1003.43 करोड़ की परियोजनाएं हैं। पीएम एलडीए की 419.67 करोड़ की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 583.76 करोड़ की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। नगर निगम की 520.81 करोड़ की परियोजनाओं का भी प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे। एलडीए, नगर निगम शिलान्यास-लोकार्पण की तैयारी में जोर शोर से जुटा है। जो परियोजनाएं अधूरी हैं, उन्हें पूरा कराने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे। वे लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बसंत कुंज योजना में बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री का यहां स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्तियों पर माल्यार्पण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल का काम एलडीए युद्ध स्तर पर कर रहा है। प्राधिकरण ने अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास, लोकार्पण की भी तैयारी कर ली है। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने खुद मोर्चा संभाल रखा है।



▲ बसंत कुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

■ परियोजनाओं के अधूरे कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं

## नगर निगम के इन प्रोजेक्ट का लोकार्पण

| परियोजना | लागत |
|---|---|
| अहाना एनक्लेव के 576 फ्लैट निर्माण | 271.26 |
| लाइट हाउस 1040 बहुमंजिला घर निर्माण | 130.90 |
| 11 सड़कों का निर्माण | 30.69 |
| लखनऊ सेफ सिटी परियोजना पर खर्च | 87.96 |

नोट : निर्माण लागत (करोड़ में)

## पांच रेलवे स्टेशन, 23 ओवरब्रिज का शिलान्यास

लखनऊ। पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए रेलवे ने अपनी परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी में जुट गया है। उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे से जुड़े लखनऊ के पांच अमृत भारत रेलवे स्टेशनों पर अधिकारी लगातार दौरा कर रहे है। इनमें मानकनगर, मल्हौर, डालीगंज, सिटी स्टेशन और मोहनलालगंज स्टेशन शामिल हैं। इन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंगों पर बनने वाले 18 अंडरपास व 23 ओवरब्रिज का भी शिलान्यास करेंगे। दरअसल, अमृत भारत रेलवे स्टेशन स्कीम के अंतर्गत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों को चुना गया था। जिनकी कुल संख्या 64 थी। कई स्टेशनों पर विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को 18.50 करोड़ रुपये और ऐशबाग स्टेशन को 20 करोड़ रुपये से विकसित किया जा चुका है।

**18 आरओबी, 23 अंडरपास की भी मिलेगी सौगात :** पीएम अमृत भारत रेलवे स्टेशनों के अलावा रेलवे क्रॉसिंगों पर बनने वाले रोड ओवरब्रिज आरओबी व अंडरपास आरयूबी का भी शिलान्यास करेंगे। कुल 18 आरओबी व 23 आरयूबी की सौगात दी जाएगी। इसमें लखनऊ में दो आरओबी, 12 आरयूबी हैं, जिनका शिलान्यास होना है। यात्री सुविधाएं भी बढ़ेंगी।

**20** परियोजनाएं एलडीए की होंगी जिनकी नींव रखी जाएगी

**05** अरब से ज्यादा नगर निगम की योजनाओं का लोकार्पण

## एलडीए की ये दस अहम परियोजनाएं शामिल

| परियोजनाएं | लागत |
|---|---|
| पक्का पुल से डालीगंज, गोमती ब्रिज तक दो लेन पुल | 220.20 |
| हनुमान सेतु से समता मूलक चौराहे तक चार लेन ब्रिज | 46.16 |
| हनुमान सेतु से समता मूलक तक बंधा चौड़ीकरण | 43.53 |
| हनुमान सेतु पर दो नए पुल का निर्माण | 21.76 |
| नगरिया नाला, गोमती नगर विस्तार, जी 20 रोड पर पंपिंग स्टेशन | 18.74 |
| बसंत कुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने सड़क निर्माण | 11.38 |
| बसंत कुंज के सेक्टर ए में भूखंडों भवनों, जी के मध्य उपकेंद्र | 10.07 |
| सीजी सिटी गोल चौराहे से फुट ओवर ब्रिज के नीचे फूड कोर्ट, पार्किंग | 9.38 |
| हैदर कैनाल के बाएं 1090 के पास पूर्व डीजीपी ऑफिस तक सड़क | 4.92 |
| वसंत कुंज योजना के सेक्टर ए में विद्युत उपकेंद्र निर्माण | 4.68 |

नोट : निर्माण लागत (करोड़ में)

## 583.76 करोड़ की 24 योजनाओं में से 13 प्रमुख

| परियोजना का नाम | निर्माण लागत |
|---|---|
| यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर | 10.14 |
| 75 हेल्थ एटीएम का निर्माण | 33.00 |
| डीएम कार्यालय स्थित मल्टीलेवल पार्किंग | 17.01 |
| जनेश्वर पार्क में वाटर स्क्रीन फाउंटेन लेजर शो | 17.35 |
| हैप्पीनेस पार्क महात्मा गांधी मार्ग चौक | 4.64 |
| सीनियर सिटीजन सेंटर | 12.06 |
| फ्रेगनेंस पार्क चौक | 4.00 |
| केडी सिंह बाबू स्टेडियम का विकास | 38.44 |
| जनेश्वर मिश्र पार्क में 5डी मोशन चेयर | 3.37 |
| बसंतकुंज में 2500 पीएम आवास निर्माण | 162.04 |
| बसंत कुंज में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण | 117.91 |
| ग्रीन कॉरिडोर के तहत गऊघाट पर सेतु निर्माण | 33.98 |
| आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधे-सड़क निर्माण | 84.00 |

नोट : निर्माण लागत (करोड़ में)